## खास खबरें

### कमला नगर से 16 वर्षीय किशोर लापता

**नप्र, भोपालः** राजधानी के कमला नगर थाना क्षेत्र के राजीव नगर से 16 वर्षीय मोहम्मद सलमान के लापता होने पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया है। परिजनों की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत प्रकरण कायम कर किशोर की तलाश शुरू कर दी गई है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र की मदर इंडिया कॉलोनी में अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और दो हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

### दुकान से 17 हजार रुपये का सामान चोरी

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित सहगल टावर की एक दुकान से अज्ञात बदमाश बिटुमिन के डिब्बों सहित करीब 17 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### एक्टिवा चोरी, पुलिस ने दर्ज किया केस

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के घोड़ा नक्कास इलाके से एमपी-04-एसएक्स-9721 नंबर की एक्टिवा चोरी हो गई। वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच शुरू कर दी है।

### भारत टॉकीज के पास ऑटो की टक्कर से महिला घायल

मंगलवारा थाना क्षेत्र में भारत टॉकीज के पास तेज और लापरवाही से चलाए जा रहे ऑटो ने एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला घायल हो गई। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

### हमीदिया अस्पताल में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

टीटी नगर थाना क्षेत्र में करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक को 108 एंबुलेंस के माध्यम से हमीदिया अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव की शिनाख्त और मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### फांसी लगाने वाले युवक की मौत

मिसरोद थाना क्षेत्र के 27 वर्षीय राजा कहार की फांसी लगाने से मौत हो गई। युवक को एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### छोला मंदिर क्षेत्र से युवक लापता

छोला मंदिर थाना क्षेत्र के प्रेम नगर से 21 वर्षीय शुभम बिना बताए घर से चला गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में भी उसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### महिला के लापता होने पर छोला मंदिर पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

छोला मंदिर थाना क्षेत्र के शिवशक्ति नगर से 35 वर्षीय मोहिनी बिना किसी सूचना के घर से चली गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### गाली-गलौज और धमकी के मामलों में कई एफआईआर दर्ज

रातीबड़, पिपलानी, मिसरोद और बागसेवनियां थाना क्षेत्रों में गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किए हैं।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते मिले दो लोगों पर कार्रवाई

शाहपुरा थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए गए दो लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 36-बी के तहत कार्रवाई की है। दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति से उच्च शिक्षा में भारतीयता को मिलेगा नया आयाम : राज्यपाल



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और जीवन मूल्यों को उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक अवसर है।

उन्होंने कहा कि भारतीयता पर आधारित शिक्षा व्यवस्था आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला बनेगी। वे मंगलवार को कालिदास संस्कृत अकादमी में आयोजित महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में विश्वविद्यालय ने पीएचडी की 21 उपाधियों सहित कुल 1,303 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक प्रदान किए गए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित विभिन्न पुस्तकों का भी विमोचन किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृत भाषा देश की सांस्कृतिक पहचान का आधार हैं। नई पीढ़ी को संस्कृत, भारतीय परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों से संस्कृत के वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी प्रयास करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों से उन्होंने माता-पिता के सम्मान, संस्कारित जीवन और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश भी दिया।

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा प्रणाली में प्रभावी स्थान मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत ऊर्जा और ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश बनेगा।

समारोह में महर्षि वेदव्यास प्रतिष्ठान, पुणे के संस्थापक स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज को महामहोपाध्याय (डी.लिट.) तथा श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय को विद्यावाचस्पति (डी.लिट.) की मानद उपाधि प्रदान की गई। कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, विश्वविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### गिरिबाला व समर्थ की न्यायिक हिरासत 14 तक बढ़ी

**नप्र, भोपालः** मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले में विशेष अदालत ने मुख्य आरोपियों पूर्व जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और उनके पुत्र समर्थ सिंह की न्यायिक हिरासत 14 जुलाई तक बढ़ा दी है। मामले की सुनवाई के दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अदालत को बताया कि जांच अभी जारी है और कई महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्यों की जांच बाकी है।

सीबीआई अब दोनों आरोपियों के वॉइस सैंपल लेकर उपलब्ध ऑडियो रिकॉर्डिंग का मिलान करेगी। इसके अलावा जब्त किए गए लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के पासवर्ड प्राप्त कर उनमें मौजूद डिजिटल डेटा की जांच की जाएगी। एजेंसी का मानना है कि इन साक्ष्यों से मामले के कई अहम पहलुओं से पर्दा उठ सकता है।

जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि फोरेंसिक और डिजिटल विश्लेषण की प्रक्रिया जारी है। इसी आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 जुलाई तक बढ़ाने का आदेश दिया।

## क्राइम ब्रांच ने स्मैक के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** क्राइम ब्रांच भोपाल ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 1.95 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 एवं 29 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस आयुक्त संजय कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला के मार्गदर्शन में शहर में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त (अपराध) अखिल पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान तथा सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रभान सिंह चढ़ार एवं अनिल वर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच अशोक मरावी की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को 23 जून 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक गोविंदपुरा स्थित कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी क्षेत्र में स्मैक की डील करने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सागर गोहिया (23 वर्ष), निवासी अयोध्या नगर तथा प्रेम लोधी (24 वर्ष), निवासी क्रेसर बस्ती, नर्मदा कॉलोनी, अयोध्या नगर बताए। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 1.95 ग्राम स्मैक तथा दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए। जब्त सामग्री को विधिवत सील कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी सागर गोहिया के विरुद्ध थाना गोविंदपुरा में पूर्व से भी एक आपराधिक प्रकरण दर्ज है, जबकि प्रेम लोधी मिस्त्री का कार्य करता है।

## स्व. रोहाणी की जयंती पर मुख्यमंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के सेंट्रल हॉल में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वर दास रोहाणी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्षों की जयंती और पुण्यतिथि पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम अनुकरणीय पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. रोहाणी जनसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठन निर्माण के प्रति समर्पित जननेता थे।

### मुख्यमंत्री ने दादाभाई नौरोजी को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रख्यात चिंतक दादाभाई नौरोजी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ.यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रबल पक्षधर के रूप में नौरोजी का योगदान अविस्मरणीय है। 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध दादाभाई नौरोजी का स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान देशवासियों को राष्ट्र सेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

### 9 साल की बच्ची को आइसक्रीम का लालच देकर अपहरण का प्रयास

**नप्र, भोपालः** राजधानी के ऐशबाग थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक नौ वर्षीय बच्ची के अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। एक बाइक सवार युवक ने खुद को बच्ची के पिता का दोस्त बताकर उसे आइसक्रीम खिलाने और घर छोड़ने का झांसा दिया। आरोपी बच्ची को बाइक पर बैठाकर ले जाने लगा, लेकिन रास्ते में बच्ची को शक हो गया। उसने तुरंत शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्ची की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही ऐशबाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान गोविंदपुरा निवासी सोनू के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी को पहले भी बच्ची के मोहल्ले में देखा गया था। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड है या नहीं और उसके इस कृत्य के पीछे क्या मंशा थी।इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 96 तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 8, के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## साइबर ठगों का आतंक, 24 घंटे में सात एफआईआर दर्ज, करोड़ों की ठगी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी भोपाल में साइबर अपराधियों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। बीते 24 घंटे के भीतर शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी के सात मामले दर्ज किए गए हैं।

ठगों ने लोगों को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर भारी मुनाफे का लालच, वर्क फ्रॉम होम के नाम पर धोखाधड़ी, संदिग्ध एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक करने और फोन कॉल के जरिए झांसा देकर लाखों रुपये की चपत लगाई। पुलिस ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**जहांगीराबाद में क्रिप्टो निवेश के नाम पर 27.55 लाख की ठगी :** सबसे बड़ा मामला जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में सामने आया। पुलिस लाइन निवासी एवं निजी बैंक कर्मचारी पुनीत तिवारी को साइबर ठगों ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। अधिक लाभ के लालच में आकर उन्होंने अलग-अलग किश्तों में कुल 27 लाख 55 हजार 153 रुपये आरोपियों के बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब न तो रकम वापस मिली और न ही कोई मुनाफा मिला, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने तीन अलग-अलग लोगों को अपना शिकार बनाया।

पहले मामले में रोज प्रधान के मोबाइल पर एक संदिग्ध एपीके फाइल भेजी गई। फाइल डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो गया और उनके खाते से करीब एक लाख रुपये निकाल लिए गए।

दूसरे मामले में राजन कुमार नामदेव को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर ठगों ने बैंक संबंधी जानकारी हासिल की और उनके खाते से एक लाख रुपये उड़ा दिए। तीसरे मामले में नीतू नामक महिला को फोन पर झांसा देकर साइबर अपराधियों ने दो लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली।

**छोला मंदिर में महिला से 6.40 लाख की ऑनलाइन ठगी:** छोला मंदिर थाना क्षेत्र में कल्याण नगर निवासी 29 वर्षीय मनीषा पंथी साइबर ठगी का शिकार हो गईं। आरोपियों ने उन्हें झांसा देकर 6 लाख 40 हजार 448 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोपाल पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, एपीकेह्य फाइल या निवेश संबंधी ऑफर पर भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### इमामबाड़े की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप

## महिलाओं ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

**नप्र, भोपालः** करोंद स्थित गैस राहत क्वार्टर कॉलोनी में सार्वजनिक भूमि पर कथित अतिक्रमण को लेकर विवाद गहरा गया है। कॉलोनी की बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और सार्वजनिक रास्ते एवं बच्चों के खेलने की जगह पर किए गए कथित अवैध कब्जे को हटाने की मांग की।

महिलाओं का कहना है कि यह किसी धर्म विशेष का नहीं, बल्कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण का मामला है, जिससे कॉलोनी के सभी समुदायों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। महिलाओं का आरोप है कि कॉलोनी के बीच स्थित सार्वजनिक स्थान पर इमामबाड़े के नाम पर टीन शेड और स्थायी ढांचा खड़ा कर कब्जा कर लिया गया है। जिस स्थान का वर्षों से बच्चे खेल के मैदान और रहवासी वाहन पार्किंग तथा आवागमन के लिए उपयोग करते थे, वह अब अतिक्रमण की वजह से बाधित हो गया है। ज्ञापन देने पहुंचीं महिलाओं ने आरोप लगाया कि जब भी कोई स्थानीय निवासी इस अतिक्रमण का विरोध करता है तो उसके साथ अभद्रता, और मारपीट की जाती है।

पुरुषों को झूठे प्रकरणों में फंसाने की धमकियां दी जाती हैं, जिससे लोग खुलकर विरोध करने से डरते हैं। महिलाओं ने कहा कि कॉलोनी में भय का माहौल बन गया है और कई परिवार मानसिक तनाव में जीवन बिता रहे हैं। एक महिला ने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान उसकी सात वर्षीय बेटी पर ईंट फेंकी गई, जिससे वह बाल-बाल बच गई।

## 11 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

### पुलिस महानिदेशक ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से माह जून में सेवानिवृत्त 11 कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने मंगलवार को भावभीनी विदाई दी।

पुलिस महानिदेशक ने सभी को पौधे एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके विभिन्न स्वत्व (क्लेम) भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गये। नवीन पुलिस मुख्यालय भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार, पंकज श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सोलोमन यश कुमार मिंज, पुलिस महानिरीक्षक हरिनारायणचारी मिश्र उपस्थित थे। पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अ.अ.वि. श्रीमती शहनाज खान, निरीक्षक विशेष शाखा प्रकाश नारायण लाम्बे, कार्यवाहक निरीक्षक एससीआरबी संतोष कुमार सेन, कार्यवाहक आंकिक/ सूबेदार (एम) प्रशिक्षण जुल्फिकार अली खान, आंकिक/ सूबेदार (एम) कार्मिक श्रीमती सुमन अमोली, उप निरीक्षक अअवि आनंदीलाल, उप निरीक्षक अअवि भानसिंह यादव, उप निरीक्षक एससीआरबी प्रकाश राजपूत, उप निरीक्षक (एम) अअवि श्रीमती स्मिता दाणी, कार्यवाहक उप निरीक्षक विशेष शाखा राजेन्द्र प्रसाद निगम तथा आरक्षक (एम) राऔसु बल सुश्री सुषमा रैकवार को पुलिस मुख्यालय परिवार ने मंगलवार को भावभीनी विदाई दी।

## मप्र जल निगम के नवाचारों का अध्ययन करने पहुंचा ओडिशा का प्रतिनिधिमंडल



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** ओडिशा के पंचायती राज एवं पेयजल मंत्री रबी नारायण नायक के नेतृत्व में आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मध्यप्रदेश जल निगम की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं, तकनीक आधारित मॉनिटरिंग, परियोजना संचालन, वित्तीय प्रबंधन और मानव संसाधन विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

मध्यप्रदेश जल निगम के प्रबंध संचालक के.वी.एस. चौधरी ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित ग्रामीण नल-जल योजनाओं, डिजिटल मॉनिटरिंग, रियल टाइम निगरानी प्रणाली, संचालन एवं संधारण मॉडल, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और तकनीक आधारित प्रबंधन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही 'जल रेखा' और 'पंचायत दर्पण' जैसे तकनीकी नवाचारों से भी प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया।

रबी नारायण नायक ने मध्यप्रदेश जल निगम की आधुनिक और परिणामोन्मुखी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि यहां विकसित कई व्यवस्थाओं को ओडिशा में भी लागू करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभव ग्रामीण पेयजल सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।

बैठक में दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच संस्थागत ढांचे, वित्तीय स्वायत्तता, गुणवत्ता नियंत्रण, डिजिटल गवर्नेंस तथा भविष्य में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में ओडिशा के पंचायती राज एवं पेयजल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। वहीं, मध्यप्रदेश जल निगम के अधिकारियों ने विभिन्न परियोजनाओं और नवाचारों की विस्तृत प्रस्तुति दी।

## शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार और नैतिक मूल्यों का विकास : सिद्धभाऊ




**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** 'शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। आज सम्मानित होने वाली बेटियाँ अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और वे भविष्य में अपने परिवार, विद्यालय और समाज का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगी।'

यह विचार शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊजी ने व्यक्त किए। वे गांधीनगर स्थित चिल्ड्रन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल के सत्र 2025-26 के 'शैक्षणिक उत्कृष्टता सम्मान समारोह' में बोल रहे थे। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं की उपलब्धियों का अभिनंदन किया गया।

समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को नकद राशि और प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मप्र बोर्ड की मेरिट सूची में गार्गी जैन, सिमरा जमील एवं अनन्या शर्मा को जीव सेवा संस्थान की ओर से 51,000- 51,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। भोपाल की जिला मेरिट सूची में आईं गाथा जैन को ?21,000 की नकद राशि से सम्मानित किया गया। शाला स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी प्रबंधन द्वारा प्रमाण-पत्र और ,पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम में जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारमानी ने कहा कि विद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी अपने उत्कृष्ट आचरण, संस्कार और अनुशासन से समाज में ऐसी पहचान बनाए कि वह जहाँ भी जाए, सोसायटी का सशक्त प्रतिनिधि दिखे।

वहीं, सोसायटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए जीवन में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या प्रिया जैन ने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता केवल उच्च अंक लाना नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, समर्पण और सकारात्मक सोच का परिणाम है।

### महिला सुरक्षा आधारित पर्यटन मॉडल के यूएन विमेन ने सराहना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की 'महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल (एसटीडीडब्ल्यू)' परियोजना को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। यूएन विमेन इंडिया की कंट्री रिप्रेजेंटेटिव शोको इशिकावा ने विशेष संवाद कार्यक्रम में परियोजना से जुड़ी प्रशिक्षित बालिकाओं और महिलाओं से बातचीत की तथा उनके आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और कौशल की प्रशंसा की।

### आरोग्य केन्द्र में 10 दिवसीय रोग निवारण-प्रशिक्षण शिविर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** आरोग्य केंद्र में दस दिवसीय 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर' का शुभारंभ हुआ, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधक प्राकृतिक व आयुर्वेदिक चिकित्सा, योग, फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, शिरोधारा और पोटली मसाज के जरिए स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। शिविर के पहले दिन डॉ. गुलाब राय टेवानी ने व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आरोग्य केंद्र संतजी की पावन कुटिया के समान है, जिसका उद्देश्य शरीर की शुद्धि और स्वास्थ्य की रक्षा है। स्वस्थ जीवन के लिए अस्वस्थ दिनचर्या को बदलना अनिवार्य है।

**M.P. RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(Under M.P. Govt., Panchayat & Rural Development Department)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Bhopal

**Short NIT No. 6224** **Dated : 29.06.2026**

Online tenders (in two envelope system) are invited from registered and reputed venders on E-tender portal **(www.mptenders.gov.in)** for providing various types of computer printer and cordage refill related items for official use of MPRRDA Head Office, Bhopal, online terms and conditions attached with the NIT. Key dates for submission of offers are as given below :-

| S.No. | Activity | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Online tendering proforma fees and processing fees of tender | Rs. 1000 + (processing Fees) |
| 2. | Publishing Date | 29.06.2026 from 17:00 hrs. |
| 3. | Document Download/Sale Start Date | 30.06.2026 from 17:30 hrs. |
| 4. | Bid Submission Start Date | 01.07.2026 from 11:00 hrs. |
| 5. | Bid Submission Closing Date | 22.07.2026 from 17:00 hrs. |
| 6. | Bid Opening Start Date | 23.07.2026 from 17:30 hrs. |

Other details may be see on tender portal **www.mptenders.gov.in.** Procedure for participation in tender is given in annexure-A of details NIT. Date of opening of financial offer will be notified on the portal after evaluation of Technical bid.

M.P. Madhyam/126617/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (ADMIN)**